## स्कूल के कमरे बनाने के लिए भामाशाह ने दिया 3.5 लाख का चेक

**वैर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर मे लगभग 5 लाख की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाले एक कक्षा कक्ष के निर्माण के लिए नयाबास कस्बा वैर निवासी व्यवसायी मोहनलाल राजोरिया ने 3.5 लाख का चेक प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह को भेंट किया।

विद्यालय में एक कक्षा कक्ष का निर्माण मोहनलाल राजोरिया द्वारा कराया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत 5 लाख रुपए होगी उसमें से प्रथम किश्त के रूप में 3.5 लाख का चेक उन्होंने आज मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री गोपाल प्रसाद मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य एवं बड़े भामाशाह इंद्रमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय को भेंट किया। मोहनलाल राजोरिया के द्वारा पूर्व में भी विद्यालय के मुख्य द्वार पर पानी की टंकी वाटर कूलर सहित का निर्माण कराया गया था। प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थी अनुपात में कक्षा कक्षों का अभाव है।

# 'अमन चैन और खुशहाली के पर्व ईद को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं'

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के कोतवाली पुलिस थाने पर शुक्रवार सुबह आयोजित हुई सीएलजी सदस्यों की बैठक में पुलिस उप अधीक्षक किशोरी लाल ने सभी से अमन चैन और खुशहाली के पर्व ईद को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान मौजूद सभी समाजिक संगठनों व संप्रदायों के पदाधिकारियों ने आमजन से शांति की अपील की।

आयोजित बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों को संबोधित करते हुए पुलिस उप अधीक्षक किशोरी लाल ने कहा कि आगामी 10 जुलाई को मुस्लिम धर्म में ईद का त्यौहार मनाया जावेगा। उन्होंने कहा कि अमन चैन और खुशहाली के इस पर्व पर सभी धर्मों के लोग अपने क्षेत्र की परंपरा का निर्वहन करते हुए आपसी सौहार्द और सामंजस्य को कायम रखें। जिस तरह अब तक ईद और दीपावली के त्योहारों पर एक दूसरे धर्म के लोग आपस में गले मिलकर बधाई देते आ रहे हैं। उसी तरह अपनी इस परंपरा को कायम रखते हुए भाईचारे का संदेश दें। इस दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह से बचकर रहें। उन्होंने कहा कि समाज में अशांति फैलाने वाले उपद्रवियों पर भी कड़ी नजर रखें और उनकी सूचना तत्काल प्रभाव से पुलिस को दें। जिनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने आमजन अफवाहों से बचकर वास्तविकता पर ध्यान देने और शांति और आपसी सौहार्द को बनाए रखने की अपील की तो वही विश्व हिंदू परिषद के राहुल सांडिल्य ने भी सभी मुस्लिम धर्म के लोगों को ईद की बधाई देते हुए आमजन से शांति और सौहार्द को बनाए रखने की अपील की। इधर मुस्लिम समाज के हाफिज बाबुछ्दीन सहित कई पदाधिकारियों ने अपने समाज की ओर से पूरी तरह जिम्मेदारी निभाते हुए कहा कि अब तक बनी रही शांति और सौहार्द को कभी नहीं मिटने देंगे। उनहोंने भी सभी से ईद के त्यौहार पर शांति और सद्भाव को कायम रखने की अपील की। आयोजित बैठक में राजेश तिवारी ने भी लोगों से त्यौहार का आनंद लेने की अपील की और किसी भी प्रकार की अशांति से बचने की अपील की। बैठक के दौरान थाना अधिकारी वीर सिंह ने भी सभी को भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस सभी जगह कड़ी निगरानी रखे हुए हैं।

किसी भी प्रकार से अशांति और ओवर पत्र बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि त्यौहार आपसी मेलजोल और भाईचारे के प्रतीक हैं उन्हें इसी तरह से मनाया जाए।



हिण्डौन सिटी कोतवाली पुलिस थाने पर सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई।

**■ 10 जुलाई को मुस्लिम धर्म के लोग ईद का त्यौहार मनाएंगे**

## रामस्नेही बने अध्यक्ष

**मासलपुर** (निंसं.)। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के जिलाध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने प्रदेश अध्यक्ष बेगराज खोथ एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास पराशर की सहमति से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा में कार्यरत अध्यापक रामस्नेही को उपशाखा मासलपुर के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माला,साफा पहनाकर स्वागत किया एवं सात दिवस में ब्लॉक मासलपुर की कार्यकारिणी गठन कर सूचना जिला शाखा को प्रेषित करने को कहा।

जिला कोषाध्यक्ष पीयूष शर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि करौली उपशाखा की कार्यकारिणी का विस्तार इस अवसर पर किया गया जिसमें नरेश माली को मंत्री,पन्नू सिंह माली कोषाध्यक्ष,ममता शर्मा महिला मंत्री,करण सिंह व देवेंद्र स्वरूप शर्मा उपाध्यक्ष,मनीष व्यास संगठन मंत्री,प्रवीण खटाना सयुक्त मंत्री,विष्णु प्रसाद शर्मा सभाध्यक्ष,रोशन माली प्रचार मंत्री व जयवीर सिंह को उपशाखा करौली में संघ का प्रवक्ता नियुक्त किया गया।जिलाकार्यकरिणी ने सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### सार-समाचार

## पुलिस ने शव का किया अंतिम संस्कार

**करौली** (निंसं.)। करौली जिला मुख्यालय पर गत 3 दिन पूर्व एक मृत अवस्था में पड़े मिले अघोरी संत के शव की शिनाख्त नहीं होने पर उसका पुलिस ने शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया। करौली सामान्य चिकित्सालय के चौकी प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि करौली शहर के गुलाबबाग तिराहे पर गत 5 जुलाई को एक अघोरी संत का शव पड़ा मिला जिसकी लगातार 3 दिन से शिनाख्त कराई जा रही थी। शव अस्पताल की मोर्चरी में रखा हुआ था। जिसका शुक्रवार को अस्पताल की मेडिकल टीम से पोस्टमार्टम करा कर पुलिस की उपस्थिति में अंतिम संस्कार कर दिया।उन्होंने बताया कि मृतक अघोरी संत ने काले रंग के वस्त्र धारण किए हुए थे वही उसके पास एक थैला जिसमें उसके कपड़े,एक चिमटा लोहे का और खाने-पीने के बर्तन थे।

## मारपीट की घटना की पोस्ट डालने का आरोपी गिरफ्तार

**करौली** (निंसं.)। करौली जिला मुख्यालय पर गत दिन दो पक्षो मामूली कहासुनी व मारपीट की हुई घटना के सम्बंध में सोशल मीडिया,इन्स्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की पोस्ट डालकर सामाजिक सौहार्द को बिगाडने की कोशिश करने के मामले में प्रकरण संख्या 298/22 धारा 505 (2) भा.द.स. व 67 आई.टी. एक्ट में थानाधिकारी दिनेश चन्द मीना पुलिस निरीक्षक द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सचिन पुत्र गंगासिंह राजपूत निवासी मांची थाना सदर करौली को गिरफ्तार किया गया।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**करौली** (निंसं.)। जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत महेश शर्मा सहायक उप निरीक्षक थाना कोतवाली द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी हरीचरण को गिरफ्तार किया गया है।

## हैल्दी लिवर कैंपेन में बचाव की लाई जायेगी जागरूकता

**करौली** (निंसं.)। निरोगी राजस्थान अभियान के अन्तर्गत "हैल्दी लिवर कैम्पेन" के सफल क्रियान्वयन लिए स्वास्थ्य भवन परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर मीडिया से सहयोग की अपेक्षा जताई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेशचंद मीना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि हैल्दी लिवर कैंपेन विश्व हेपेटाईटिस डे तक चलाया जायेगा।हैल्दी लिवर कैम्पेन के अन्तर्गत लिवर (हेपेटाईटिस) के बारे में आमजन को जागरुक किया जावेगा।उन्होंने बताया कि हेपेटाईटिस एक वायरल इंफेक्शन है।यह बीमारी लिवर को प्रभावित करती है। लिवर का काम शरीर के सभी अंगों को पोषक तत्त्व पहुंचाना होता है। हेपेटाइटिस के संक्रमण से लिवर में सूजन आ जाती है।इससे व्यक्ति को पीलिया हो जाता है। यह संक्रामक बीमारी है जो लापरवाही करने पर एक से दूसरे व्यक्ति में भी फैल सकती है।

# पांचना डेम की नहरों में पानी खोलने के आदेश

**करौली** ( नि स )। पांचना डेम की नहरों में पानी खुलवाने की मांग को लेकर पांचना डेम कमांड एरिया विकास परिषद (ग्रामोत्थान संस्था ) की ओर से सन् 2020 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 8 जुलाई को न्यायाधीश ने पांचना की नहर अक्टूबर -नवंबर माह (रबी के फसल ) के सीजन के समय खोलने के आदेश दिये।

ग्रामोत्थान संस्था के तहत बनी पांचना डेम कमांड एरिया विकास परिषद की ओर से लम्बे समय से चल रहे अभियान के बावजूद पांचना की नहरों में पानी नहीं खोलने पर पांचना डेम कमांड एरिया विकास परिषद ( ग्रामोत्थान संस्था) के महासचिव महेन्द्र सिंह मीना ने मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग के सचिव, संभागीय आयुक्त, भरतपुर, जिला कलेक्टर करौली, कलेक्टर सवाई माधोपुर, एडिशनल चीफ़ इंजिनियर, जयपुर व अन्य सम्बन्धित अथॉरिटिज् के खिलाफ हाईकोर्ट में सन् 2020 में याचिका दायर की। जिसमें 15 वर्षो से बंद नहरों में अविलंब पानी खोलें। नहरों की मरम्मत व सफाई तुरंत करवायें। जल उपभोक्ता संघ का गठन करवायें। किसानों को 15 वर्षों में हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाये। 15 वर्षों से नहरों में पानी नहीं खोलने के लिए लापरवाही युक्त ड्यूटी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई हो। महेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि 4 जनवरी 2022 को हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने आदेश दिया कि 10 दिन में संभाग आयुक्त ,भरतपुर, जिला कलेक्टर ,करौली ,सवाईमाधोपुर पांचना का पानी नहरों में खोलने के बारे में कहा। मीना ने बताया कि 6 जुलाई 2022 को हाईकोर्ट न्यायाधीश ने 45 मिनट तक पांचना नहर खुलवाने के पक्ष में ग्रामोत्थान संस्था के वकील ने पक्ष रखा।

सरकार के तरफ से महाधिवक्ता रहे न्यायाधीश ने एक दिन समय दिया। 7 जुलाई को महाअधिवक्ता ने उच्च अधिकारियों से वीडियो कान्फ्रेंस से बात हुई।मीना ने बताया कि आज 8 जुलाई को माननीय न्यायाधीश ने पांचना की नहर अक्टूबर -नवंबर माह (रबी के फसल )के सीजन के समय खोलने के आदेश दिये।

## यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**करौली** (निंसं.)। गोवर्धन सेवा समिति के तत्वाधान में 23 जुलाई को रवाना होने वाली पद यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई।

गोवर्धन सेवा समिति के पदाधिकारी गिर्राज तिवारी एवं बल्लभ पसारी ने बताया कि समिति के तत्वाधान में आगामी 23 जुलाई को करौली से गोवर्धन जी महाराज की 25 वी विशाल पदयात्रा धूमधाम के साथ रवाना होगी जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई बैठक में पेयजल,चिकित्सा,विश्राम,भोजन,वाहन व्यवस्था आदि पर चर्चा करते हुए लोगों को जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने बताया कि पदयात्रा 23 जुलाई को करौली से रवाना होकर 28 जुलाई को गोवर्धन धाम पहुंचेगी जहां विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर उन्होंने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पदयात्रा में चलने का आव्हान किया है। बैठक में समिति के दिनेश पचौरी,तेजेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**मासलपुर** (निंसं.)। मासलपुर तहसील के चैनपुर कस्बे में स्थित ब्रह्मऋषि आश्रम में संत महामण्डलेश्वर भगवानदास महाराज के सानिध्य में शुक्रवार को श्रीराम कथा अनुष्ठान के दौरान भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर महिलाओं ने बधाई,गीत,भजन गाकर भक्ति भाव से नृत्य किया।

इस अवसर पर कथा व्यास पं रमेश चंद्र शास्त्री ने भगवान के साकार रूप में प्राकट्य होने के विभिन्न कारण बताये राक्षसों की मुक्ति और भक्तों को दर्शन देना मुख्य कारण बताया इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा कथा व्यास और संत भगवान दास का साफा ,शॉल और. माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

हर्ष की बात यह रही की राम जन्मोत्सव के समय पर छाक लुटाई गई जिसमे संत भगवान दास व भक्तो ने फल,फूल,मखाने,खिलोनो के साथ खुशी के मौके पर नोट लुटाए गये और राम जन्म की बधाईयों पर महिला पुरूष श्रृद्धालुओ ने भजनो पर जमकर ठुमके लगाये।

**■ महिलाओं ने बधाई,गीत,भजन गाकर भक्ति भाव से नृत्य किया**



मासलपुर के चैनपुर कस्बे में संत महामण्डलेश्वर भगवानदास महाराज के सानिध्य में श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

## 'परिसीमन को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी'

**भरतपुर** (निसं)। सीकरी पंचायत समिति के परिसीमन के संबंध में मीडियाकर्मियों को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई बजट घोशणा के बाद नोटिस जारी कर निष्चित समय पर क्षेत्रवासियों से आपत्ति आमंत्रित गई थी।

रंजन ने कहा कि क्षेत्रवासियों से प्राप्त आपत्ति में अधिकांष आपत्तियां नगर व डीग क्षेत्र से प्राप्त हुई हैं जिनकी संख्या 37 है। उन्होंने कहा कि आपत्तियों के संदर्भ में कुछ लोगों द्वारा क्षेत्रवासियों को भ्रमित किया जा रहा है और कई प्रकार की अफवाहें फैलाई जा रही हैं, उन्होंने कहा कि यदि अफवाहों के द्वारा षांति व्यवस्था में कोई भी व्यवधान पैदा होता है तो ऐसी अफवाहें फैलाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो आपत्तियां प्राप्त हुई हैं उनकी सुनवाई पंचायती राज की धारा 10 एवं 101 के तहत की जायेगी।

# 'किसान एफ़पीओ के सदस्य बन करें कृषि आय में सुधार'

**भरतपुर** (निसं)। एफपीओ के गठन और संवर्धन हेतु केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति (डी-एमसी) की षुक्रवार को पाँचवी बैठक ज़िला कलेक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुये जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि कृषि क्षेत्र का आर्थिक विकास और राष्ट्र निर्माण मे अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि देश में 86 प्रतिषत से अधिक लघु और सीमांत किसान हैं ऐसे में हमारे किसानों को आधुनिक तकनीक, ऋण, बेहतर इनपुट और अधिक बाजारों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि उन्हें बेहतर गुणवत्ता वाली वस्तु के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर कृषि को व्यावसायिक मॉडल के तौर पर विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए छोटे, सीमांत, बटाईदार और भूमिहीन किसानों को एफ़पीओ में शामिल करने तथा संगठित होकर बेहतर तकनीक एवं बाजार तक पहुँच आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि ज़िले मे कुल 3 लाख किसान है जिनमे 2.5 लाख लघु एवं सीमांत किसान है। ज़िले की 80 प्रतिशत आबादी जीवनयापन के लिए कृषि और पशुपालन पर निर्भर है तथा कृषि का ज़िले की अर्थव्यवस्था मे महत्वपूर्ण योगदान है।

ज़िला कलेक्टर ने बताया की भरतपुर सरसों तथा शहद उत्पादन मे अग्रणी ज़िला है। उन्होंने कहा कि ज़िले मे किसान कृषक उत्पादक संगठन के सदस्य बन कर कृषि को व्यवसाय के रूप मे करें एवं उचित मूल्य पर कृषि आदान की उपलब्धता तथा उत्पाद को एकत्रित कर बड़े पैमाना पे बेचा जाये जिससे उचित मूल्य का लाभ लिया जा सके।

## निर्माण कार्यो में गुणवत्ता पर ध्यान दें : डॉ. गर्ग

**भरतपुर** (निसं)। रेल्वे स्टेशन रोड स्थित कृषि उपज मण्डी में मण्डी समिति द्वारा कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से करीब 39 लाख रुपये की लागत से कराये जा रहे चार दीवारी निर्माण, पार्को के विकास एवं नाली निर्माण कार्यों का तकनीकी षिक्षा एवं आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने अवलोकन किया। जहां उन्होंने विपणन बोर्ड के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और कार्यों को निर्धारित समयावधि 6 माह में पूरा करायें।

डॉ. गर्ग मण्डी समिति के सचिव को निर्देश दिये कि पानी की टंकी के पास पल्लेदारों एवं किसानों को कुछ समय आराम करने के लिये टिन शेड का निर्माण करायें तथा इसमें पंखें भी लगवायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि विकसित किये जा रहे पार्क में प्रवेश के लिए ऐसे गेट लगवायें जिनमें होकर पशु आदि प्रवेश नहीं कर सके।

# जाटव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। करौली जिले के जाटव समाज द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 10 जुलाई को हिण्डौन के बयाना रोड स्थित रोशनी बंधन मैरिज गार्डन में आयोजित किया जायेगा।

समारोह में मुख्य अतिथि सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री भजन लाल जाटव होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भरोसी लाल जाटव करेंगे। समारोह में करौली जिला प्रमुख शिमला देवी, हिण्डौन नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव, हिण्डौन पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार, श्री महावीरजी प्रधान राजेश कुमारी, अखिल राजस्थान जाटव महासभा के अध्यक्ष खानसिंह, एसडीएम अनूप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक किशोर लाल, दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर बत्तीलाल , एमएसजे कॉलेज के प्रोफेसर अरविंद वर्मा आदि विशिष्ट अतिथि होंगे। आयोजन के लिए 15 कमेटियाँ का गठन किया गया है जो आयोजन को सफल बनाने में सहायता करेंगी। जिनमें मंच संचालन कमेटी,बैठक व्यवस्था,स्वागत समिति, समिति जल व्यवस्था समिति,विद्युत व्यवस्था समिति,स्वयं सेवक समिति, मीडिया समिति,चिकित्सा समिति, पुरस्कार समिति एवं समग्र संकलन समिति आदि है। इसमें शामिल सदस्यों को सम्बन्धित अलग अलग कार्य करने और उनके कुशल निर्वहन की जिम्मेदारी प्रदान की गई। जाटव समाज के जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सम्मान समारोह में सत्र 2022 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं को, 1 जुलाई 2021 से 30 जून तक सभी राजकीय एवं केंद्रीय विभागों में चयनित एवं नियुक्त कमिर्यों को,पत्रकारों,समाज में उत्कष्ट कार्य करने वाले आदि को सम्मानित किया जाएगा।

## सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी**। इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट आईएफडब्ल्यूजे उपखण्ड इकाई गंगापुर सिटी अध्यक्ष महेश शर्मा के नेतृत्व में एंकर रोहित रंजन की असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिला कलेक्टर की अनुपस्थित में तहसीलदार ज्ञानचंद जैमन को ज्ञापन सौंपा। आईएफडब्ल्यू जे के मीडिया प्रभारी पवन शर्मा के अनुसार ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ पुलिस द्वारा गैर कानूनी तरीके से एंकर रोहित रंजन की गिरफ्तारी के जिस तरह प्रयास हुए उससे समस्त पत्रकार जगत में भारी रोष व्याप्त है। इस दौरान पवन शर्मा, पंकज शर्मा, यादराम तसीवाल, दिनेश सिंहल, रमेश चंद भौड, मदन गर्ग, दिनेश चंद अग्रवाल, महेन्द्र कुमार सहित सभी सदस्य मोजूद थे।

# सवाई ब्रजेन्द्र सिंह को श्रद्धा से याद किया

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर रियासत के अन्तिम षासक रहे महाराजा कर्नल सवाई ब्रजेन्द्र सिंह की 27वीं पुण्यतिथि पर श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला पर उनक चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। व्यायामशाला क संचालक वरिष्ठ कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने उन्हें सभी धर्म जाति, समुदाय का हितेषी बताया, कुश्ती संघ के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने उन्हें साम्प्रदायिक सदभाव का प्रतीक बताया व उन्होंने खेलों व पर्यावरण को बढावा दिया तथा भरतपुर सांसद व विधायक के रूप में भी उनका योगदान हमेषा याद किया जावेगा व उनके नाम से भरतपुर में अच्छा स्मारक बनाया जावे। नगर निगम के महापोर अभिजीत कुमार ने उन्हें कमजोर वर्ग का संरक्षक बताया, रिटायर्ड डीएफओ लाल सिंह डिडवारी, कर्नल ओमवीर सिंह केवल का नगला जिला जाट सभा अध्यक्ष बाबू सिंह रेंजर, पीसीसी सदस्य साहब सिंह एडवोकेट, पार्शद रमेश पाठक, ब्रजेन्द्र चीमा, रामेश्वर सेनी, मुकेश कुमार पप्पू, भरत चोधरी गादोली, प्रेम सिंह प्रजापत, जगदीश बंजी, भूपेन्द्र अवार, संजय चन्देला, रमेष सतीजा, प्रमोद कुशवाह, तेज सिंह ब्रेटली, सिकन्दर बाल्मीकि, अर्जन मलाह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंत में आभार पार्शद दीपक मुदगल ने जताया।

# शिक्षक का ग्रामीणों ने किया सम्मान



गांव ढाय बूचोलाई के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में नव नियुक्त शिक्षक भुवनेन्द्र शर्मा का ग्रामीणों ने सम्मान किया।

**गंगापुर सिटी।** समीपवर्ती गांव ढाय बूचोलाई के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में नव नियुक्त शिक्षक भुवनेन्द्र शर्मा के शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने पर विद्यालय स्टाफ एवं ढाय गांव के पंच पटेलो व प्रमुख लोगो ने माला एवं साफा पहना कर सम्मान किया।

उपस्थित विद्यार्थियो व ग्रामीणो को संबोधित करते हुए पद गायक शेरसिंह मेडिया ने कहा कि शिक्षा मनुष्य का सबसे सुन्दर आभूषण है। शिक्षा से व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र का विकास होता है। उन्होने ग्रामीणो से अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा दिलाने का आह्वाहन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चेतराम बैरवा ने कहा कि विद्यालय के समस्त शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ विद्यार्थियो को शिक्षण कार्य करवा रहे है। नव नियुक्त शिक्षक भुवनेन्द्र शर्मा के रूप में नया शिक्षक मिला है जिससे शिक्षण कार्य में ओर गुणवत्ता आयेगी। नवनियुक्त शिक्षक भुवनेन्द्र शर्मा ने कहा कि मैं सभी विद्यार्थियो को पूरी लगन व निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य करवाउंगा।

## नशे में धुत्त युवक की पीटाई

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर में बीती रात सड़क पर टहल रही महिलाओं व युवतियों को अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर घायल कर देने बाद भी क्षमा याचना करने की जगह धौंसपट्टी दिखाने बाले शराब के नशे में धुत्त एक युवक की महिलाओं ने चप्पल से ऐसी धुनाई की कि युवक का नशा तो हिरन हो ही गया बाद में वह घिघियाने भी लगा। शहर के मथुरागेट थाने के अरोड़ा हॉस्पिटल के पास हुए इस फिल्मी ड्रामे का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे चप्पल से पिटता युवक बचाव की मुद्रा में दिखाई दे रहा है। इस सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार रात 10 बजे मथुरा गेट इलाके में बिजलीघर चौराहे पर पानी की टंकी के पास रहने वाली कंचन, डॉली व मोहल्ले की कुछ महिलाएं खाना खाने के बाद अरोड़ा हॉस्पिटल के सामने सड़क पर टहल रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे एक युवक ने महिलाओं को टक्कर मार दी। टक्कर में कंचन (24) के सिर हाथ और पैर में चोट लगी। उसे कुछ महिलाओं ने तुरंत उठाकर घर पहुंचा दिया। वहीं युवक शराब के नशे में लड़खड़ाने लगा। इस पर महिलाएं भड़क गई।

# केनाल प्रोजेक्ट अवश्य होगा स्वीकृत : जाटव



सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव ने वैर विधानसभा क्षेत्र के गांव झारोटी में एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की।

**भरतपुर** (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव ने वैर विधानसभा क्षेत्र के गांव झारोटी में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ग्रामीणों को संम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान ईस्टन कैनाल प्रोजेक्ट राजस्थान की जनता का अधिकार है जिसको लेकर राज्य सरकार प्रयासरत है। सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिये माननीय मुख्यमंत्री ने कई बार केन्द्र सरकार को राजस्थान ईस्टन कैनाल प्रोजेक्ट राष्ट्रीय दर्जा दिलाने के लिये पत्र भी भेजे हैं जिन पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हो पाई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों को पानी की उपलब्धता होगी। उन्होने कहा कि ईस्टन राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट साल 2018 से केन्द्र सरकार में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने पर पूर्वी राजस्थान के इन 13 जिलों में भूमि का जल स्तर भी ऊंचा होगा और किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ होगी।


## कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग भरतपुर खण्ड भरतपुर

क्रमांक:-सम्पदा/देव/भरत/2022/1981-91 दिनांक: 08/07/2022

### खुली बोली नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित निम्नांकित राजकीय मंदिर की व्यावसायिक सम्पदाओं को खुली बोली नीलामी द्वारा मासिक किराये के आधार पर दिनांक 26.07.2022 को विभागीय किराया नीति 2021 में वर्णित शर्तानुसार किराये हेतु दिया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक फर्म/दुकानदार/व्यक्ति दिनांक 26.07.2022 को दोपहर 1.00 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, भरतपुर में धरोहर राशि जमा कर खुली बोली में भाग ले सकते हैं। बोली उक्त दिनांक 26.07.2022 को ही अपरान्ह 2:00 बजे आरम्भ होगी। सम्पदा नीलामी दिनांक से एक दिवस पूर्व दिनांक 25.07.2022 को प्रातः 11.00 से अपराहन 3.00 बजे तक देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | मंदिर का नाम | सम्पदा जो खुली बोली नीलामी द्वारा किराये पर दी जानी है। | धरोहर राशि | आरक्षित किराया दर प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री हनुमान जी सिरकीपाड़ा, भरतपुर। | व्यावसायिक (दुकान 1) | 2147 | 8944 |
| 2 | राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री हनुमान जी सिरकीपाड़ा, भरतपुर। | व्यावसायिक (दुकान 1) | 1534 | 6393 |

नियम व शर्तें:-

1. किसी भी बोलीदाता की बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार किराया कमेटी/आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर को होगा।
2. बिना धरोहर राशि स्वीकार किए कोई भी राशि स्वीकार नहीं होगी।
3. अपरिहार्य कारणों से व अवकाश के कारण बोली की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जावेगी।
4. अन्य शर्तों की जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग भरतपुर में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

( कृष्ण कुमार खण्डेलवाल )
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग भरतपुर